Career Classes
RAS & Competitive Exams

# 26. पर्यटन

❐ राजस्थान में पर्यटन विभाग की स्थापना हुई थी-
[VDO-27.12.2021 (Shift-I)]
(1) 1956 में (2) 1951 में (3) 1952 में (4) 1958 में
Ans. (1)

*व्याख्या- राजस्थान में पर्यटन के विकास हेतु 1955 में पर्यटन निदेशालय तथा 1956 में पर्यटन विभाग को स्थापित किया गया।*

❐ राजस्थान पर्यटन विकास निगम लि. की स्थापना कब की गयी? [कॉलेज व्याख्याता (सारंगी)-30.05.2019]
[II Grade (English) Exam. 2011]
(1) 1 अप्रैल, 1979 (2) 27 सितम्बर, 2001
(3) 1 अगस्त, 2000 (4) 29 अक्टूबर, 1996
Ans. (1)

**व्याख्या - राजस्थान पर्यटन विकास निगम लि. (RTDC): पर्यटकों को आवास, भोजन एवं यातायात आदि सुविधाएँ देने के लिए इसकी स्थापना 1 अप्रैल, 1979 में की गयी। इसका मुख्यालय जयपुर में है।**

❐ 'राजस्थान पर्यटन विकास निगम' (RTDC) का मुख्यालय कहाँ स्थित है-[राज.पुलिस कॉन्स्टेबल-15.7.18(I)]
(1) उदयपुर (2) जयपुर (3) जोधपुर (4) अजमेर
Ans. (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान की प्रथम पर्यटन नीति किस वर्ष में घोषित की गई? [वनरक्षक-11.12.2022(S-I)]
(1) 2000 (2) 2001 (3) 2002 (4) 2003
Ans. (2)

*व्याख्या - प्रथम पर्यटन नीति 27 सितम्बर, 2001 को जारी की गई। 9 सितम्बर, 2020 को जारी अधिसूचना के द्वारा नवीन पर्यटन नीति 'राजस्थान पर्यटन नीति', 2020 को लागू हुई। ज्ञातव्य है कि नवीन ग्रामीण पर्यटन नीति 24 नवम्बर, 2022 को लागू की गई। राजस्थान पर्यटन इकाई नीति 4 दिसम्बर, 2024 को लागू की।*

❐ राजस्थान पर्यटन नीति - 2020 कब लागू की गई-
[प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) -12.03.2021]
(1) 9 सितम्बर, 2020 (2) 9 अक्टूबर, 2020
(3) 9 नवम्बर, 2020 (4) 9 दिसम्बर, 2020
Ans. (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ किस दिन से राजस्थान की नई ग्रामीण पर्यटन नीति लागू हुई है? [III Grade (Maths-Science) -25.02.2023]
(1) 10 नवम्बर, 2022 (2) 4 सितम्बर, 2022
(3) 24 नवम्बर 2022 (4) 12 दिसम्बर, 2022
Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान ईको-टूरिज्म नीति जारी की गई-
[वनपाल-06.11.2022(S-I)] [VDO-28.12.2021 (S-I)]
[II Grade GK - 21.12.2022]
(1) दिसम्बर,2020 (2) अगस्त, 2020
(3) जुलाई, 2021 (4) अप्रैल, 2021
Ans. (3)

*व्याख्या - प्रथम ईको-टूरिज्म पॉलिसी 4 फरवरी, 2010 को जारी की गई। राजस्थान में नवीन ईको-टूरिज्म पॉलिसी 15 जुलाई, 2021 से लेकर 2030 तक के लिए बनाई गई है।*

❐ राजस्थान को फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए किस नीति को मंजूरी दी गई?
[वनरक्षक-13.12.2022(S-II)]
(1) राजस्थान फिल्म ट्रेवल प्रोत्साहन नीति -2022
(2) राजस्थान फिल्म अन्वेषण प्रोत्साहन नीति-2022
(3) राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति-2022
(4) राजस्थान फिल्म स्क्रीनिंग प्रोत्साहन नीति-2022
Ans. (3)

*व्याख्या -राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति 2022 को 18 अप्रैल, 2022 को लागू किया। इस नीति की मंजूरी 6 अप्रैल, 2022 को दी गई थी।*

❐ 'राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति 2022' कब लाँच/प्रख्यापित की गई[Stenographer-15.10.2024]
(1) 18 अप्रैल (2) 10 अप्रैल (3) 12 अप्रैल (4) 15 अप्रैल
Ans. (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ कौनसा तथ्य 'राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति-2022' का हिस्सा नहीं है?[I Grade -17.10.2022]
(1) आवेदन के 15दिनों के भीतर सभी मंजूरी व अनुमति प्राप्त करने के लिए एक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र।
(2) राजस्थान पर्यटन विकास निगम और राजस्थान राज्य होटल निगम की सम्पत्तियों में आवास पर 30% छूट।
(3) नीति के निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाली परियोजनाओं के लिए 2 करोड़ रुपये तक का अनुदान।
(4) फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान की एक शाखा राजस्थान में खोलने के लिए राज्य सरकार, भारत सरकार के साथ समन्वय स्थापित करेगी।
Ans. (2) *विकल्प 2 में छूट 50% प्रतिशत की है।*

Career Classes
RAS & Competitive Exams

Scanned with OKEN Scanner

❒ राजस्थान में पर्यटन को उद्योग का दर्जा किस वर्ष में मिला है- [प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) -12.03.2021]

(1) 1989 (2) 1979 (3) 1999 (4) 1955

**Ans.** (1)

*व्याख्या – राजस्थान में मोहम्मद युनूस समिति (1989) की सिफारिश पर 4 मार्च, 1989 को पर्यटन को निर्धूम उद्योग का दर्जा दिया गया था। 18 मई, 2022 को पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र को उद्योग का पूर्ण दर्जा दिया दिया।*

❒ राजस्थान में कितने पर्यटन परिपथ हैं? [RAS-1998] [II Grade (Social Study) - 2011]

(1) 10 (2) 8 (3) 12 (4) 7

**Ans. (1)**

व्याख्या - राजस्थान को 4 पर्यटन संभाग (जोधपुर, उदयपुर, अजेमर, कोटा) तथा 7 पुरातात्विक पर्यटन सर्किट (जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर, बीकानेर, अजमेर एवं भरतपुर) तथा 10 पर्यटन सर्किटों में बाँटा गया है। डिपार्टमेंट ऑफ टूयूरिज्म मिनिस्ट्री ऑफ इण्डिया ने राजस्थान को 9 पर्यटन सर्किटों में बांटा है - 1. ब्रज-मेवात सर्किट-अलवर, भरतपुर, सवाई माधोपुर, टोंक

2. ढूँढाड़ सर्किट-जयपुर,आमेर,सांभर, आभानेरी (दौसा)

3. मेरवाड़ा-मारवाड़ सर्किट-नागौर,मेड़ता, पुष्कर, अजमेर

4. हाड़ौती सर्किट- कोटा, बूँदी, झालावाड़, बारां

5. शेखावाटी सर्किट- सीकर, झुंझुनूँ, चूरू

6. डेजर्ट सर्किट-बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर

7. मेवाड़ सर्किट-उदयपुर, भीलवाड़ा, नाथद्वारा, कुम्भलगढ़ (राजसमंद), चित्तौड़गढ़

8. गौडवाड सर्किट - पाली, सिरोही, जालौर, बाड़मेर

9. वागड़ सर्किट-डूँगरपुर, बाँसवाड़ा

नोट : नवीन जिलों के पुनर्गठन के उपरान्त पर्यटन सर्किट में नये शामिल जिलों की अधिकृत सूचना जारी नहीं हुई है।

❒ सुमेलित कीजिए- [पटवार-24.10.2021 (Shift -I)]

| | |
|---|---|
| A. ब्रज मेवात सर्किट | 1. अलवर-भरतपुर-सवाई माधोपुर |
| B. शेखावाटी सर्किट | 2. अजमेर-पुष्कर-मेड़ता-नागौर |
| C. मरु सर्किट | 3. चूरू-सीकर-झुन्झुनूँ |
| D. मेरवाड़ा सर्किट | 4. जोधपुर-जैसलमेर - बीकानेर-बाड़मेर |

| कूट: | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 2 | 1 | 4 | (2) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (3) | 1 | 3 | 4 | 2 | (4) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**Ans.** (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान में प्रमुख पर्यटन सर्किट्स की संख्या... है- [III Grade (Urdu) -28.02.2023]

(1) 6 (2) 7 (3) 8 (4) 9

**Ans.** (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान के जिले, जो यहाँ पर्यटन के डेजर्ट सर्किट का मुख्य भाग हैं, वे हैं-[III Grade (Punjabi) -28.02.2023]

(1) जयपुर,बीकानेर,जैसलमेर (2) जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर

(3) जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर (4) जयपुर, जोधपुर, बीकानेर

**Ans.** (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ वागड़ पर्यटन सर्किट में..... सम्मिलित हैं- [III Grade (Sindhi) -01.03.2023]

(1) डूँगरपुर - सिरोही (2) डूँगरपुर - बाँसवाड़ा

(3) बाँसवाड़ा-प्रतापगढ़ (4) बाँसवाड़ा- उदयपुर

**Ans.** (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ गोडवाड़ पर्यटन सर्किट.....के स्थलों को कवर करेगा। [Lab Assistant (Science) -29.06.2022]

**1. जालौर 2. पाली 3. सिरोही 4. बाड़मेर**

(1) 1 व 2 (2) 1, 2 व 3 (3) 1 और 3 (4) उपर्युक्त सभी

**Ans.** (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान पर्यटन के विपणन अभियान की वर्तमान टैगलाइन क्या है- [JEN (Civil) Degree 12.09.2021]

(1) पधारो म्हारे देश-राजस्थान-द इनक्रेडिबल स्टेट ऑफ इंडिया

(2) रंगीला राजस्थान (3) कुछ दिन तो गुजारें राजस्थान में

(4) जाने क्या दिख जाए

**Ans.** (1)

*व्याख्या –29 जनवरी, 2019 को पर्यटन विभाग ने नया लोगो : 'पधारो म्हारो देस' जारी कर दिया है। विभाग के लोगो में अंग्रेजी में 'राजस्थान –द इनक्रेडिबल स्टेट ऑफ इंडिया' तथा हिन्दी में 'राजस्थान–भारत का अतुल्य राज्य' अंकित है। पधारो म्हारो देस को 1993 में तत्कालीन निदेशक ललित के. पंवार ने लॉन्च किया गया था। यह 2007 तक रहा।*

❒ ........नगरीय केन्द्र पर्यटन की दृष्टि से 'मरु-त्रिकोण' से बाहर है? [III Grade (Urdu) -28.02.2023] [R.A.S.-27.10.2021] छात्रावास अधीक्षक, 2008]

(1) बीकानेर (2) जोधपुर (3) जैसलमेर (4) बाड़मेर

**Ans. (4)**

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या* - *मरु त्रिकोण* : राज्य के पश्चिमी मरुस्थलीय जिलों *जैसलमेर, जोधपुर एवं बीकानेर* के पर्यटन स्थलों के विकास हेतु इन्हें मरु त्रिकोण के रूप में जापान की संस्था JBIC (पूर्वनाम OECF) की वित्तीय सहायता से विकसित किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि *स्वर्णिम त्रिकोण* : दिल्ली, आगरा, जयपुर का पर्यटन त्रिकोण। नवीन जिलों के पुनर्गठन के उपरान्त नये अनुमानित शामिल जिलों (फलौदी... ) की अधिकृत सूचना जारी नहीं हुई है।

❒ **पर्यटन की दृष्टि से 'स्वर्णिम त्रिभुज' (गोल्डन ट्रायंगल) किसे कहा जाता है?**[कॉन्स्टेबल परीक्षा-2014]
[Asst. Professor- 7.1.2024]

(1) जोधपुर-जैसलमेर-उदयपुर (2) जयपुर-जोधपुर-उदयपुर
(3) जयपुर-आगरा-दिल्ली (4) जयपुर-आगरा-स.माधोपुर

**Ans. (3)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **निम्नलिखित में से कौनसी, राजस्थान में स्वदेश दर्शन योजना के तहत थीम-आधारित पर्यटन सर्किट नहीं है?** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.05.2022]

(1) डेजर्ट सर्किट (2) आध्यात्मिक सर्किट
(3) हेरिटेज सर्किट (4) नाथद्वारा सर्किट

**Ans.** (4)

*व्याख्या - राजस्थान में स्वदेश दर्शन योजना के तहत पर्यावरण पर्यटन, बौद्ध, रेगिस्तान, आध्यात्मिक, रामायण, कृष्णा, तटीय, पूर्वोत्तर, ग्रामीण, हिमालय, तीर्थंकर, आदिवासी, विरासत, वन्यजीव और वेसाइड उप योजना (1) सहित विकास के लिए 15 विषयागत सर्किटों की पहचान की गई है। यह योजना 100% केन्द्रीय वित्त पोषित है। योजना के तहत प्रदेश में 4 थीम बेस्ड टूरिस्ट सर्किट- डेजर्ट सर्किट, कृष्णा सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट और हेरिटेज सर्किट विकसित किए जा रहे हैं।*

❒ **राज्य का पहला हेरिटेज होटल है?** [RAS - 1992]

(1) अजीत भवन, जोधपुर (2) सामोद हवेली, जयपुर
(3) सरिस्का पैलेस, सरिस्का (4) खींवसर पैलेस, खींवसर

**Ans. (1)**

*व्याख्या* - **हेरिटेज होटल** : *राजस्थान सरकार ने उस किले या महल को हेरिटेज होटल का दर्जा दिया है जो 75 वर्ष से अधिक समय से अस्तित्व में है और अब होटल के रूप में उपयोग में आ रहे हैं।* **अजीत भवन, जोधपुर** *राज्य का पहला हेरिटेज होटल है।*

❒ **भारत में 'प्रसाद' योजना में कौनसा शहर शामिल नहीं है?** [Asst. Jailer Exam-15.03.2016]

(1) जयपुर (2) अजमेर (3) अमृतसर (4) काँचीपुरम

**Ans.** (1)

*व्याख्या-प्रसाद (PRASAD-Pilgrimage Rajuvenation and Spritual Augmentation Drive)- देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2014-15 में प्रसाद अभियान की शुरुआत की सभी मतावलम्बियों में तीर्थस्थलों के सौंदर्यकरण और वहाँ बुनियादी सुविधाओं के विकास, तीर्थयात्रा कायाकल्पन और आध्यात्मिक चेतना अभियान (प्रसाद) का मूल उद्देश्य हैं। प्रसाद अभियान के अन्तर्गत प्रारम्भिक तौर पर अजमेर सहित देश के 12 नगरों की पहचान की गई है।*

*• 13 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री ने धार्मिक स्थल 'मालासेरी डूँगरी' (आसींद, भीलवाड़ा) को इस योजना में शामिल किया है।*

❒ **पर्यटन मंत्रालय के तहत PRASAD योजना के संदर्भ में, PRASAD में दूसरे 'A' का क्या अर्थ है-**
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-08.11.2020 (I)]

(1) अप्रोच (Approach) (2) असेस्मेंट (Assessment)
(3) ऑग्मेन्टेशन (Augmentation) (4) अथॉरिटी

**Ans.** (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान में कौनसे धार्मिक महत्त्व के स्थान को विकास के लिए 'प्रसाद' (PRASHAD) योजना में सम्मिलित किया गया है?**[स्कूल व्याख्याता -09.01.2020]

(1) अजमेर (2) कोलायत (3) नाथद्वारा (4) तनोट

**Ans.** (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान पर्यटन प्रोत्साहन नीति, 2022 के अन्तर्गत देशी व विदेशी फिल्म निर्माताओं को कितनी धन राशि की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है-**
[Asst. Professor- 7.1.2024]

(1) 8 करोड़ रुपये तक (2) 6 करोड़ रुपये तक
(3) 4 करोड़ रुपये तक (4) 2 करोड़ रुपये तक

**Ans.** (4)

❒ **हेरिटेज सिटी डेवलपमेंट एंड ऑग्मेंटेशन योजना (HRIDAY) के लिए प्रारंभिक चरण में कितने शहरों की पहचान की गई?**[EO & RO-14.05.2023 (II)]

(1) 15 (2) 5 (3) 12 (4) इनमें से कोई नहीं

**Ans.** (3)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या - हृदय योजना ( HRIDAY - Heritage City Development and Augmentation ) - केन्द्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने देश की सांस्कृतिक विरासत को फिर से जीवित करने के प्रयास के मद्देनजर 21 जनवरी, 2015 को राष्ट्रीय विरासत विकास एवं संवर्द्धन योजना (हृदय) का शुभारम्भ किया। इसके अन्तर्गत विरासत स्थलों के एकीकृत, समावेशी और सतत् विकास को बढ़ावा देना स्मारकों के रखरखाव पर ध्यान केन्द्रित करना और सम्पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को उन्नत बनाने की योजना है। शहरी विकास मंत्रालय की इस योजना का उद्देश्य भारत की समृद्ध विरासत के प्रतीक 12 शहरों (वाराणसी, अजमेर, गया, अमृतसर, मथुरा, कांचीपुरम व वेलाकन्नी, पुरी, द्वारका, बादामी, वारंगल व अमरावती) में विरासत स्थलों को अपनाकर उनका विकास करना तथा सुदृढ़ आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।*

❐ **निम्न में से कौनसा एक राष्ट्रीय शहरी विकास योजना HRIDAY का सही पूर्ण रूप है?**

[EO & RO - 14.05.2023 (S - I)]

(1) हेरिटेज सिटी डेवलपमेंट एंड ऑग्मेंटैशन योजना
(2) हेरिटेज ऑफ इंडिया, डेवलप्ड अंडर आवास योजना
(3) हेरिटेज ऑफ इंडिया, डिजाइन्ड विथ ऑग्मेंट रियलिटी
(4) हेरिटेज हार्ट डेवलपमेंट योजना

Ans. (1) ***व्याख्या** - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **2015 में हृदय योजना के अमल के लिए निम्नलिखित शहरों में से किसका चयन नहीं किया गया है?**

[Assistant Engineer-Civil -21.05.23]

(1) अजमेर (2) बादामी
(3) चंडीगढ़ (4) द्वारका

Ans. (3) ***व्याख्या** - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान में कौन-सा विभाग वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना' आयोजित करता है?** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.07.2018 (I)]

(1) संस्कृति विभाग (2) सामान्य प्रशासन विभाग
(3) देवस्थान विभाग (4) परिवहन विभाग

Ans. (3)

*व्याख्या - वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2016 (**नया नाम - दीनदयाल उपाध्याय वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना**) के तहत वरिष्ठ नागरिकों को हवाई यात्रा के जरिए तीर्थ यात्रा करवाई जाती है। राज्य सरकार ने 19 जून, 2019 को घोषणानुसार राजस्थान के वरिष्ठ नागरिक नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ की हवाई यात्रा भी कर सकेंगे।*

❐ **राजस्थान/भारत के कौनसे स्थान को सर्वाधिक रहस्यमयी पर्यटक स्थल होने का दर्जा प्राप्त है?**

[पशु परिचर-2.12.2024 (S-I)]

(1) तारागढ़ (2) शेरगढ़ (3) मांडलगढ़ (4) भानगढ़

Ans. (4)

❐ **उस शक क्षत्रप का नाम बताइये जिसने पुष्कर में लोकप्रिय पर्यटन स्थल को नियंत्रित किया?**

[पशु परिचर-3.12.2024 (S-II)]

(1) रुद्रासिम्हा-III (2) रुद्रादामन-I
(3) यशोदामन-I (4) नाहपाना

Ans. (4)

❐ **राजस्थान ई-अपशिष्ट प्रबन्धन नीति का आह्वान व गठन....वर्ष में किया गया?**[पशु परिचर-3.12.2024 (S-II)]

(1) 2024 (2) 2021 (3) 2022 (4) 2023

Ans. (4)

*व्याख्या - ई-कचरा प्रबन्धन नीति का अनावरण 5 जून, 2023 को किया गया है।*

❐ **'हील इन राजस्थान' नीति का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

[पशु परिचर-3.12.2024 (S-II)]

(1) राजस्थान में बड़े स्तर पर पौधारोपण/नवीकरण की एक योजना।
(2) कोरोना काल में हुये घाटे से राजस्थान पर्यटन को उबारना।
(3) राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिये मेडिकल पर्यटन हेतु द्वितीयक, तृतीयक तथा चतुर्थक उपचार/देखभाल क्रियाओं के लिये क्षेत्र का विकास।
(4) राजस्थान के लोक उत्सवों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देना।

Ans. (3)

❐ **सुमेलित कीजिए-** [पटवार-24.10.2021 (Shift -II)]

| पर्यटन सेवाएँ | प्रारम्भ वर्ष |
|---|---|
| A. हेरिटेज ऑन व्हील्स | 1. 2004 |
| B. रॉयल राजस्थान ऑन व्हील्स | 2. 2009 |
| C. रॉयल ओरिएंट एक्सप्रेस | 3. 1994-95 |
| D. विलेज ऑन व्हील्स | 4. 2006 |

| कूट: | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (2) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (3) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (4) | 2 | 1 | 4 | 3 |

Ans. (3)

Scanned with OKEN Scanner